आईआईएम के स्टूडेंट्स ने वॉकथॉन से भ्रष्टाचार मिटाओ और नया भारत बनाओ का नारा दिया

रांची | खेलगांव में बुधवार को इंडियन इंस्टीट्यूट ऑफ मैनेजमेंट, रांची में विजिलेंस अवेयरनेस वीक के तहत वॉकथॉन का आयोजन किया गया। इसमें सभी विभागों के विभिन्न बैचों के स्टूडेंट्स ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। मौके पर इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर डॉ. शैलेन्द्र सिंह मौजूद रहे। उन्होंने इस वॉकथॉन की शुरुआत राष्ट्रीय एकता का प्रण लेकर किया, जिसे स्टूडेंट्स ने भी दोहराया। इस वॉकथॉन का उद्देश्य लोगों के बीच जा कर भ्रष्टाचार के खिलाफ लोगों को जागरूक करना था। इसके लिए स्टूडेंट्स ने भ्रष्टाचार मिटाओ, नया भारत बनाओ का नारा दिया। मौके पर कॉलेज के प्रोफेसर्स और सैकड़ों स्टूडेंट्स मौजूद रहे।

Dainik Bhaskar, 01.11.2018, Pg. 2